सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 310 | इंदौर, गुरुवार 28 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## गुजरात के कच्छ से 1180 करोड़ की कोकीन जब्त

**कच्छ (गुजरात) (एजेंसी)** गुजरात में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं। गुजरात DGP डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया। जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी। इनकी पहचान क्लेविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि कोकीन की डिलीवरी देश में किसे और कहां होने वाली थी।

**खजुराहो में "योग महोत्सव-2026"**

# सीएम मोहन यादव बोले- योग और खजुराहो भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा के अभिन्न स्तंभ हैं। मध्यप्रदेश सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आयुष विभाग द्वारा "घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग" अभियान के माध्यम से प्रदेशभर में योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री यादव बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में आयोजित "योग महोत्सव-



2026" को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग अब केवल व्यायाम नहीं, बल्कि "वन अर्थ-वन हेल्थ" की भावना को साकार करने वाला जीवन दर्शन बन चुका है। प्रदेश सरकार योग और आयुष चिकित्सा को आमजन तक पहुंचाने के लिए आयुष आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेंटर्स और विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले आयोजित काउंटडाउन कार्यक्रमों से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। युवा पीढ़ी भी योग को तेजी से अपना रही है। सरकार योग को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय आयुष मंत्रालय, राज्य सरकार के अधिकारियों और जिला प्रशासन छतरपुर को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी। कार्यक्रम को केंद्रीय आयुष एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

**इंदौर में ईदगाह मैदान पर हुई नमाज अदा**

# शहर काजी बोले- गौमाता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में ईद का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर की अलग-अलग मस्जिदों में ईद पर विशेष नमाज अदा की गई। मुख्य नमाज सदर बाजार के ईदगाह मैदान पर हुई, जहां शहर काजी इशरत अली ने समाजजनों के साथ नमाज अदा की और देश व शहर के लिए अमन और भाईचारे की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि गौमाता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करना चाहिए, ताकि उसके कटने पर पाबंदी लग सके। इस बात पर उन्होंने हाथ उठवाकर समाजजनों से सहमति भी दर्ज कराई।


शहर काजी ने कहा कि इंदौर में हरियाली कम हो रही है। विकास के नाम पर हरियाली को उजाड़ा जा रहा है। हमें पर्यावरण की भी रक्षा करनी है। समाजजन अपने-अपने इलाकों में पेड़ लगाएं, खासकर सहजन की फली के पेड़ लगाएं। इससे आर्थिक लाभ भी होगा। शहर को हरा-भरा बनाना हमारी भी जिम्मेदारी है। शहर काजी ने कहा कि शहर में जलसंकट छाया हुआ है। पानी को व्यर्थ न बहने दें। बारिश के दिनों में वाटर रिचार्जिंग करें। सरकारें और अधिकारी आते-जाते रहते हैं, लेकिन शहरवासी ही शहर के मालिक होते हैं। हमें बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखना है।शहर काजी ने स्मार्टफोन को परिवार की महिलाओं और बच्चों से दूर रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह नशे की तरह हावी हो रहा है।

### ● हिंदू परिवार बग्घी में लेकर पहुंचा शहर काजी को

इंदौर में ईद के मौके पर सलवाड़िया परिवार ने 50 साल पुरानी परंपरा निभाई। वे शहर काजी इशरत अली को उनके निवास राज मोहल्ला से ईदगाह मैदान तक शाही बग्घी में लेकर गए। नमाज अदा करने के बाद फिर उन्हें बग्घी में उनके निवास तक छोड़कर आए।सत्यनारायण सलवाड़िया ने बताया कि उनके पिता ने यह परंपरा शुरू की थी, जिसे उनका परिवार आज भी निभा रहा है।

Your values, vision, and inspiration will forever guide us. You will always remain in our hearts.





भारतीय Sherlock Holmes के रूप में विख्यात, भारतीय जासूसी जगत के पितामह आदरणीय

**मदान साहेब** को

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि।**

उन्होंने अपने अद्वितीय अनुभव, दूरदर्शिता एवं जासूसी कौशल से भारतीय अन्वेषण जगत को नई दिशा प्रदान की। उनका व्यक्तित्व, कार्यशैली एवं मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। Goliath Detective के सानिध्य में उनसे बहुत कुछ सीखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ, जो हमारे लिए सदैव अमूल्य रहेगा।

ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

Team डिटेक्टिव ग्रुप

DETECTIVE GROUP — Detecting the truth.

▪ www.detectivegroup.in ▪ www.detectivesgroup.com

### इंफेंट्री स्कूल परिसर में सैन्य दस्तावेज बेचने का मामला उजागर

# महिला समेत पूर्व सैनिक पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सेना के इंफेंट्री स्कूल परिसर में संचालित एक फोटो कॉपी दुकान की आड़ में सैन्य प्रशिक्षण से जुड़े दस्तावेजों की अवैध बिक्री का मामला सामने आया है।**

सेना की आंतरिक जांच में खुलासा हुआ कि दुकान का संचालन कर रही महिला सैन्य ट्रेनिंग संबंधी दस्तावेजों की अतिरिक्त प्रतियां तैयार कर उन्हें प्रशिक्षण के लिए आने वाले यंग कैडेट्स को बेच रही थी। मामले में सेना की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने महिला सहित दुकान जिस पूर्व सैन्यकर्मी को आवंटित है उस पर भी प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार इन्फैंट्री स्कूल परिसर में फोटो कॉपी दुकान पूर्व सैन्यकर्मी नायक देवीलाल को आवंटित की गई थी। आरोप है कि उन्होंने नियमों के विरुद्ध जाकर दुकान का संचालन सिविल क्षेत्र सिग्नल विहार निवासी सपना अग्रवाल को सौंप दिया था। दुकान पर ट्रेनिंग से संबंधित दस्तावेज भी फोटो कॉपी के लिए आते थे। इसी का फायदा उठाकर सपना अग्रवाल उनकी प्रतियां निकालने के दौरान एक अतिरिक्त कॉपी अपने पास सुरक्षित रख लेती थी। बाद में इन दस्तावेजों के सेट तैयार कर उन्हें प्रशिक्षण के लिए आने वाले यंग कैडेट्स को बेचा जाता था। मामले की जानकारी सेना को मिलने के बाद विभागीय स्तर पर आंतरिक जांच शुरू की गई। जांच के दौरान महिला को पकड़ लिया गया। इसके बाद बुधवार को सेना की ओर से कोतवाली पुलिस को अधिकृत शिकायत की। राहुल शर्मा ने बताया कि मामले में महिला सपना अग्रवाल और दुकान आवंटित होने वाले रिटायर्ड सैन्यकर्मी के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## आईपीएल सट्टा खेलते इंजीनियर सहित आठ आरोपी गिरफ्तार




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रेलवे, बैंक कर्मचारी और निजी कंपनियों में कार्यरत युवक शामिल हैं। आरोपी पिछले करीब एक महीने से किराए के फ्लैट में रहकर मोबाइल आईडी के जरिए ऑनलाइन सट्टे की बुकिंग कर रहे थे।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार रात बेंगलुरु और गुजरात के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाए जाने की सूचना पर कार्रवाई की। इस दौरान ओडिशा और जबलपुर के रहने वाले आठ युवकों को पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक गिरोह का मास्टरमाइंड कुणाल दास है, जो पहले कई ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों में काम कर चुका है। उसके साथ शशांक नेगी भी पकड़ा गया है, जो गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। इसके अलावा रामा स्वामी, अविनाश ठाकुर, चिन्मय, राजेंद्र दास, आनंद प्रधान और विकास को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें रेलवे कर्मचारी, बैंक कर्मी, जियो कंपनी कर्मचारी, छात्र और निजी कंपनी सुपरवाइजर शामिल हैं। डीसीपी के अनुसार कुणाल दास ने सभी आरोपियों को टेलीग्राम ग्रुप के जरिए जोड़ा था। इसके बाद चैटिंग के माध्यम से आईपीएल सट्टे का नेटवर्क तैयार किया गया। आरोपी प्रीमियम नाम की वेबसाइट से लिंक लेकर अन्य लोगों को आईडी जनरेट कर सट्टा खिलाते थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, नकदी और करीब दो करोड़ रुपए के लेनदेन से जुड़े रजिस्टर बरामद किए हैं। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 40.5 बल्क लीटर अवैध शराब और दो वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय और परिवहन करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी के नेतृत्व में गुरूवार को को वृत्त-बंबई बाजार के प्रभारी उप निरीक्षक मीरा सिंह की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। गस्त के दौरान शंका के आधार एक एक्टिवा दोपहिया वाहन की पलसीकर मेन रोड की ओर एक थैले में कुछ भरकर ले जा रहा था, जिसकी तलाशी करने पर 50 पाव देशी मदिरा प्लेन (9 बल्क लीटर) एवं गाड़ी की डिक्की खोल के देखने पर 75 पाव देशी मदिरा प्लेन(13.5 बल्क लीटर) कुल 22.5 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद हुआ। मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य 54500/-रूपये है। आरोपी अमित पिता रामलखन शर्मा निवासी श्रृष्टि पैलेस छोटा बांगड़दा इंदौर को गिरफ्तार किया गया है।



आरोपी अमित की सूचना के आधार पर एक अन्य दो पहिया वाहन से अवैध मदिरा जप्त किया गया। एक हीरो स्प्लेंडर महूनाका मैन रोड की ओर जा रहा था, जिसे पुलिस दल द्वारा रोका गया। बाईक चालक बोरे में भरकर 100 पाव देशी मदिरा (50 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 50 पाव देशी मदिरा मसाला ) कुल 18 बल्क लीटर देशी मदिरा लेकर जा रहा था, जिसे वाहन सहित जप्त किया गया। जप्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 81150 रूपये है। आरोपी किशोर पिता राजकुमार निवासी इंद्रानगर इंदौर को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त दोनों आरोपियों पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस तरह कुल दो आरोपी एवं दो वाहन एवं कुल जब्ती 40.5 बल्क लीटर जिनका अनुमानित बाजार मूल्य 145650 रुपए है। आज की कार्यवाही में आरक्षक मोहित कछवाय, मोहित रायकवार और ड्राइवर अमित का सराहनीय योगदान रहा।

# सराफा में एएसआई के बेटे से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सराफा बाजार में 22 मई की रात एक छात्र के साथ हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना में जिले के बाहर पदस्थ एक एएसआई के बेटे को गंभीर चोट आई है। छात्र की आंख के ऊपर की हड्डी फ्रेक्चर होने के बाद उसका निजी अस्पताल में उपचार कराया गया, जबकि बाद में परिजन उसे दाहोद के अस्पताल ले गए। मामले में परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



मामला सराफा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक रेनेस कॉलेज का छात्र ध्रुव सिंह पुत्र अशोक सिंह अपने दोस्तों के साथ 22 मई की रात सराफा बाजार घूमने आया था। इसी दौरान वहां मौजूद रोहन पुत्र सिकंदर गुर्जर से उसका धक्का लगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस बात पर रोहन और उसके दो साथियों ने ध्रुव के साथ जमकर मारपीट कर दी। विवाद के बाद दोनों पक्ष सराफा थाने पहुंचे थे। यहां पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवा दिया और रोहन समेत उसके साथियों को छोड़ दिया। हालांकि बाद में ध्रुव की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में आंख के ऊपर की हड्डी फ्रैक्चर होना सामने आया। इसके बाद परिजन उसे आगे के उपचार के लिए दाहोद ले गए। घटना के बाद ध्रुव के परिजनों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। परिजनों का आरोप है कि गंभीर चोट आने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की। बताया जा रहा है कि ध्रुव के पिता अशोक सिंह का परिवार इंदौर पुलिस लाइन में रहता है। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लिया है।

## एनआईटीटीटीआर में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' पर 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

### शासकीय महाविद्यालयों के 60 प्राध्यापक होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल द्वारा 3 से 5 जून 2026 तक 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों से 60 प्राध्यापकों का चयन किया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल सिद्धांतों, सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन शिक्षा पद्धति और समकालीन शिक्षा में इसकी उपयोगिता से विद्यार्थियों का परिचय कराना है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्राध्यापकों को भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों से परिचित कराया जाएगा, जिससे वे शिक्षण कार्य में इन अवधारणाओं को प्रभावी रूप से शामिल कर सकें।

# जल संकट के बीच धुला महापौर सचिवालय

## कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर जारी किया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बुधवार को कांग्रेस ने इंदौर महापौर सचिवालय को पानी से धोते हुए वीडियो जारी किया है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर लोग अलग-अलग कमेंट भी कर रहे हैं।**

किसी ने लिखा है कि जहां आम जनता पानी के लिए तरस रही है, वहां व्यर्थ पानी बहाया जा रहा है, हद है। वहीं किसी ने लिखा कि वह अपने घर का पानी यूज कर रहे हैं, आप अपने घर का लिए पानी बचाएं।



कांग्रेस ने अपने इंडियन नेशनल कांग्रेस मध्यप्रदेश पर फेसबुक पेज पर इस वीडियो को अपलोड किया है। इस वीडियो पर लिखा भी है इंदौर की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। महापौर जी अपना सचिवालय (ऑफिस) पानी से धुलवा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद लोग अलग-अलग प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

एक कर्मचारी प्रेशर पाइप से सचिवालय के बाहर का हिस्सा धो रहा था। तब वहां किसी ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस दौरान कर्मचारी वीडियो बनाने वाले के पास आया और वीडियो क्यों बना रहे हैं पूछने लगा। इस पर किसी ने कहा कि लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, तुम ये धो रहे हो। इस दौरान कर्मचारी और वीडियो बनाने वाले के बीच कहासुनी भी हो गई। इधर, बताया जा रहा है कि वीडियो बुधवार का ही है। जब महापौर सचिवालय में कोई नहीं था। तब ड्रेनेज लाइन की सफाई करने के लिए टैंकर बुलवाया गया था। टैंकर के प्रेशर से ही लाइन की सफाई की जाती है। सफाई के बाद हुई गंदगी को कर्मचारी उसी प्रेशर पाइप से साफ कर रहा था। बताया जा रहा है कि ये ट्रीटेड पानी है।

रिश्तेदार की शादी में हुई थी मुलाकात

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में तलाकशुदा महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नरसिंहपुर निवासी आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय महिला की मुलाकात अप्रैल महीने में जबलपुर में एक रिश्तेदार की शादी के दौरान गजेंद्र सिंह राजपूत से हुई थी। इसी दौरान दोनों के बीच बातचीत हुई और आरोपी ने महिला का मोबाइल नंबर ले लिया। महिला ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल के आसपास आरोपी इंदौर आया और बाणगंगा क्षेत्र के एक होटल में रुका। उसने फोन कर महिला को मिलने बुलाया। महिला के मुताबिक होटल में आरोपी ने शादी करने की बात कही। महिला ने खुद के तलाकशुदा होने की जानकारी देकर शादी से इंकार किया, लेकिन आरोपी ने भरोसा दिलाते हुए संबंध बनाए और शादी का आश्वासन दिया। घटना के बाद आरोपी नरसिंहपुर लौट गया और धीरे-धीरे महिला के फोन उठाना बंद कर दिया। लंबे समय तक संपर्क नहीं होने पर महिला ने परिचितों को जानकारी दी और मंगलवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। बाणगंगा पुलिस ने महिला की शिकायत पर गजेंद्र सिंह राजपूत निवासी नरसिंहपुर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# कोर्ट मैरिज के लिए बुलाया फिर मुकरा तो युवती ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में युवती की मौत के मामले में पुलिस ने परिवार के बयान के आधार पर उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। युवक और युवती के बीच कई वर्षों से प्रेम संबंध थे। समाज अलग होने के कारण युवक के परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया था। बाद में युवक ने युवती को कोर्ट मैरिज के लिए इंदौर बुलाया, लेकिन वह अपने वादे से मुकर गया। इसके बाद युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

पुलिस के मुताबिक पुष्पा अंजार की मौत के मामले में उसके प्रेमी अजय चौधरी निवासी



दत्तीगांव, धार के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार 7 अप्रैल को पुष्पा ने आत्महत्या की थी। वह अपनी बहन के साथ आजाद नगर इलाके में किराए के मकान में रहती थी। पुलिस जांच में परिजनों ने बताया कि पुष्पा स्कूल के समय से ही अजय को पसंद करती थी। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे। अजय ने पुष्पा से कहा था कि अगर उसने किसी और से शादी की तो वह आत्महत्या कर लेगा। पुष्पा के लिए कई रिश्ते आए, लेकिन वह लगातार इंकार करती रही। परिजनों के मुताबिक जब पुष्पा ने अजय से परिवार से बात करने को कहा तो अजय की मां और बहन ने यह कहते हुए शादी से मना कर दिया कि पुष्पा दूसरे समाज की है। इसी दौरान पुष्पा को गांव में पता चला कि अजय की कहीं और शादी तय हो गई है। जब उसने अजय से इस बारे में बात की तो उसकी मां ने धमकी दी कि यदि वह शादी के बीच में आई तो गांव में उसकी बदनामी कर दी जाएगी। पुलिस के अनुसार 6 अप्रैल को अजय ने मोबाइल पर पुष्पा से बात कर इंदौर में कोर्ट मैरिज करने की बात कही थी। लेकिन जब पुष्पा इंदौर पहुंची तो अजय वहां नहीं आया। अगले दिन 7 अप्रैल को जब उसकी बहन काम पर गई हुई थी, तब पुष्पा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# फर्जी जिम ट्रेनर बनकर महिला से 2 लाख ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मल्हारगंज थाना क्षेत्र में फेसबुक के जरिए दोस्ती कर एक महिला से ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को जिम ट्रेनर बताकर महिला को प्रेमजाल में फंसाया और बाद में निजी फोटो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।**

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक 38 वर्षीय पीड़िता निजी फर्म में काम करती है। महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी पहचान फेसबुक पर प्रथम खन्ना नाम के युवक से हुई थी। आरोपी ने खुद को जिम ट्रेनर बताते हुए शादी की बात की, जिससे महिला उस पर भरोसा करने लगी। शुरुआत में आरोपी ने जरूरत बताकर महिला से ऑनलाइन रुपए मांगे। पहली बार महिला द्वारा भेजी गई रकम उसने वापस कर दी, जिससे महिला का भरोसा और बढ़ गया। इसी दौरान आरोपी ने महिला से कुछ निजी फोटो भी मांगे, जिन्हें उसने भेज दिया। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग जरूरतों का हवाला देकर महिला से करीब दो लाख रुपए ले लिए। जब महिला ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया और निजी फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने कभी वीडियो कॉल पर बात नहीं की और न ही अपना मोबाइल नंबर दिया। कुछ समय बाद उसकी बातचीत संदिग्ध लगने लगी। महिला ने जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि प्रथम खन्ना नाम से बनाई गई फेसबुक आईडी फर्जी है और जिस फोटो का उपयोग किया गया था, वह किसी अन्य व्यक्ति का है। मामले की शिकायत पहले साइबर सेल में की गई थी। जांच के बाद मामला मल्हारगंज पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आकांक्षा योजना के हितग्राहियों छात्रों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आकांक्षा योजना के तहत आदिवासी बच्चों को कोचिंग दे रही एसेंट कोचिंग क्लास का टेंडर तत्काल समाप्त करने, नीट की कोचिंग पूरी कराने सहित अन्य मांगों को लेकर योजना के हितग्राही स्टूडेंट इंदौर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टूडेंट्स कलेक्टर ऑफिस के पास हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे हैं। छात्र नेताओं का कहना है कि आदिवासी एवं गरीब छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी मांगें पूरी होने तक यहां धरना जारी रहेगा। हालांकि इस दौरान प्रशासन के कुछ अधिकारी भी छात्र नेताओं से मिलकर गए हैं। धरना प्रदर्शन पर स्टूडेंट्स अपने हाथों में पोस्टर लिए बैठे हुए हैं। छात्र नेता पवन अहिरवार ने बताया कि ये स्टूडेंट अपनी मांगों को लेकर नहीं आए हैं, ये न्याय मांगने आए हैं। लगातार छह महीने से स्टूडेंट्स आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन इंदौर के प्रशासनिक अधिकारी बच्चों को बुलाकर जांच के नाम पर बरगला रहे हैं। उन्होंने मांगें पूरी करने की बात कही है। हमारी मांगें जब तक पूरी नहीं होती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। छात्रों ने बताया कि आकांक्षा योजना के तहत हमें टेबलेट, मॉड्यूल, कोचिंग, स्टेशनरी आदि मिलना चाहिए। हमें नीट की तैयारी के लिए बुलवाया गया, मगर हमारा 11th का सिलेबस छूट गया है। कोचिंग क्लास भी पूरी नहीं लग रही है।

# जलसंकट के कारण निगम ने बीस निर्माण प्रोजेक्ट कराए बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जलसंकट के कारण अब अन्य काम भी प्रभावित होने लगे हैं। नगर निगम ने शहर के सर्विस स्टेशनों पर वाहनों की धुलाई पर रोक लगा दी है। इसके अलावा निर्माण कार्यों में भी बोरिंग के पानी के उपयोग पर सख्ती बरती जा रही है। नगर निगम ने शहर में चल रहे 20 बड़े निर्माण प्रोजेक्टों का काम रोक दिया है, क्योंकि वहां बोरिंग के पानी से निर्माण कार्य में तराई की जा रही थी। अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदारों और भवन निर्माताओं को निर्माण कार्य में ट्रीटेड पानी के उपयोग के निर्देश दिए हैं।**

निगमायुक्त ने सभी जोन के भवन अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वे फील्ड में जाकर जांच करें कि निर्माण कार्यों में किस प्रकार के पानी का उपयोग हो रहा है। जांच के दौरान 20 स्थानों पर बोरिंग के पानी का उपयोग करते हुए ठेकेदार और भवन निर्माता पाए गए। इसके बाद उन सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई। शहर में अब तक 30 प्रोजेक्ट ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित शुल्क जमा कर निर्माण कार्यों में ट्रीटेड पानी का उपयोग शुरू कर दिया है। इंदौर में 20 से अधिक स्थानों पर ट्रीटेड पानी के हाइड्रेंट बनाए गए हैं। मेघदूत गार्डन के पास ट्रीटेड पानी की एक टंकी भी बनाई गई है, जहां से गार्डन में पौधों को पानी की सप्लाई की जाती है। हर के कई गार्डनों में अब भी पानी की टंकियों के माध्यम से नर्मदा जल का उपयोग किया जा रहा है। एक ओर बिल्डरों और सर्विस स्टेशनों पर बोरिंग तथा नर्मदा के पानी के उपयोग पर रोक लगाई गई है, वहीं दूसरी ओर कई बगीचों में अभी भी नर्मदा जल का इस्तेमाल जारी है।

## मसीही सम्मेलन में बजरंग दल कार्यकर्ता और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की



**रतलाम, एजेंसी।** होटल अजंता पैलेस में बुधवार दोपहर चल रहे मसीही आध्यात्मिक सम्मेलन 'जीवन दर्शन' में भारी हंगामा हो गया। हिंदू संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर धर्मांतरण का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी अजय सारवान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शाम को सम्मेलन आयोजनकर्ता कमेटी अध्यक्ष व सचिव समेत 10 लोगों के खिलाफ बिना परमीशन के आयोजन करने पर धारा 188 में केस दर्ज किया है। बजरंग दल के पदाधिकारी उस हॉल के बाहर परिसर में धरने पर बैठ गए हैं, जहां यह सम्मेलन चल रहा था। विरोध जताते हुए उन्होंने वहीं हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। तनाव को देखते हुए पुलिस ने हॉल के मुख्य गेट को अपने कब्जे में लेकर पहरा लगा दिया है। किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। बजरंग दल के पदाधिकारी हॉल के अंदर घुसने की कोशिश करने लगे, जिस पर पुलिस से उनकी धक्का-मुक्की हो गई। किसी बात को लेकर नाराज पदाधिकारियों को पुलिस ने बड़ी मुश्किल से धक्का देकर बाहर किया।

### ●विश्व धरोहर खजुराहो में हुआ "योग महोत्सव 2026"

# योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति के हैं अभिन्न स्तंभ : डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं। हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है।**

योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों ''घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग' अभियान भी चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में आयोजित "योग महोत्सव 2026" कार्यक्रम को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।



वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग आज सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि 'वन अर्थ-वन हेल्थ' की भावना को साकार करने वाला जीवन दर्शन बन चुका है। मध्यप्रदेश सरकार घर-घर योग हर व्यक्ति निरोध के भाव से योग और आयुष चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। आयुष विभाग के माध्यम से आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेंटर्स और विभिन्न जनजागरुकता की गतिविधियों के माध्यम से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए सफल अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरूक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की राष्ट्रव्यापी तैयारियों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह कार्यक्रम योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति केन्द्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र और राज्य सरकार के आयुष मंत्रालय के अधिकारियों और जिला प्रशासन, छतरपुर को खजुराहो में इस विशेष आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

## हर जिला अपनी अर्थव्यवस्था बनाने की पहल करे...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला अपनी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में संवेदनशील प्रयास करे। लोक सेवा गारंटी, सी.एम. हेल्पलाइन और जनसुनवाई राज्य शासन के सुशासन के पैमाने हैं। सभी अधिकारियों को आमजन से जुड़े मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। उन्होंने अवैध गतिविधियों को सख्ती से रोकने और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ योजनाओं, कार्यक्रमों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस महानिदेशक



कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव जैन ने सुशासन के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की और कलेक्टर्स से कहा कि नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण हो और प्रयास करें कि एक भी प्रकरण निर्धारित अवधि से बाहर नहीं जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई के दौरान अधिकारी मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं और शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लें तथा शिकायत का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। उन्होंने स्वामित्व योजना में और बेहतर कार्य करने की जरूरत बताई तथा राजस्व संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने नजूल नवीनीकरण के कार्य को जन-अभियान चलाकर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सी.एम हेल्पलाइन के शत-प्रतिशत प्रकरणों को अटेंड करने और पेयजल की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करने को कहा है। मुख्य सचिव जैन ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर्स से कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों और अपराधियों में शासन-प्रशासन का खौफ होना चाहिए। मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव गृह से कहा कि वे अपराधों की रोकथाम आदि के लिए एक प्रक्रियागत निर्देश कलेक्टर्स और एसपी को भेजें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को गंभीरता से लें।

अवैध खनिज उत्खनन तथा भंडारण और परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें, डिस्ट्रिक टास्क फोर्स की हर माह मिटिंग करें। बिना नम्बर प्लेट और टूटी-फूटी नम्बर प्लेट के खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने वाले वाहनों को राजसात करें और जितनी जल्दी हो ऐसे वाहनों को नीलाम भी किया जाए।

## 44 डिग्री के तापमान में महिला की अग्नि तपस्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी और लू के अलर्ट के बीच जबलपुर के तिलवारा घाट पर एक महिला 44 डिग्री तापमान में अग्नि तपस्या कर रही हैं। गंगा दशहरा पर शुरू हुई यह तपस्या लगातार पांच दिनों तक चलेगी। इस दौरान वह रोज दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक अग्नि के बीच साधना करेंगी। तपस्या करने वाली इस महिला का नाम साध्वी पूजा जायसवाल है। मां नर्मदा के तिलवारा घाट पर 251 कंडों की अग्नि जलाकर उसे आठ हिस्सों में विभाजित किया गया है। साध्वी पूजा इन अग्नि कुंडों के बीच बैठकर कठोर तप कर रही हैं। साधना से पहले मां



नर्मदा में स्नान, पूजन और आरती की जाती है। दोपहर में दो घंटे अग्नि तपस्या होती है। इसके बाद शाम को आरती और रात्रि में हवन किया जाता है। पूजा जायसवाल ने बताया कि वह मां दुर्गा और गोरखनाथ बाबा की आराधना कर रही हैं। उनका उद्देश्य सनातन धर्म के पालन, देश में शांति और जनकल्याण की प्रार्थना करना है।

### सरकारी आंकड़े बता रहे 14%, लेकिन ठेकेदार बता रहे 45% कमी

# मध्यप्रदेश में बियर का भारी संकट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में इस बार गर्मियों का सीजन बियर के शौकीनों के लिए काफी मायूस करने वाला साबित हो रहा है। राज्य में बियर की सप्लाई में भारी गिरावट आई है, जिससे कई बड़े शहरों के आउटलेट्स खाली पड़े हैं। इस संकट की मुख्य वजह आबकारी विभाग द्वारा इसी साल फरवरी में रायसेन स्थित एक निजी मैन्युफैक्चरिंग और बॉटलिंग यूनिट को बंद किया जाना है। इस फैक्ट्री के बंद होने से बाजार में अचानक बड़ा गैप आ गया, जिसकी भरपाई समय रहते नहीं



की जा सकी।

आबकारी कमिश्नर दीपक सक्सेना के मुताबिक, विभाग ने मुस्तैदी दिखाते हुए दूसरे राज्यों और स्थानीय डिस्टिलरीज से बैकअप अरेंजमेंट किया है। सरकार का दावा है कि शुरुआती 45% के घाटे को अब घटाकर सिर्फ 14% पर ले आया गया है। हालांकि, शराब कारोबारियों और इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जमीनी स्तर पर यह किल्लत अभी भी 45% के आसपास बनी हुई है, क्योंकि सरकार समय पर वैकल्पिक टेंडर जारी करने में नाकाम रही। दरअसल, पीक सीजन में राज्य में रोजाना दो लाख क्रेट बियर की मांग रहती है, जिसमें से आधी सप्लाई अकेले रायसेन की इसी बंद पड़ी यूनिट से होती थी। इसके अलावा, भोपाल के सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि बियर की कमी इस बार देशव्यापी है। इस साल नए सिरे से हुए ठेकों और नीलामी में देरी के कारण वेंडर गर्मियों के लिए एडवांस स्टॉक जमा नहीं कर पाए। रही सही कसर छोटे कस्बों के वेंडर्स ने पूरी कर दी, जिन्होंने प्रीमियम बियर के बड़े स्टॉक पहले ही बुक कर लिए, जिससे भोपाल जैसे मुख्य शहरों में

## संपादकीय

### सप्लाई चेन की जंग: चीन की घेराबंदी और भारत की 'खनिज कूटनीति'

भारत ने इलेक्ट्रिक वाहनों, स्मार्टफोन और रडारों के लिए महत्वपूर्ण क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ मिनरल्स के लिए अब रूस से भी हाथ मिलाया है। इससे पहले भारत ने अमेरिका से क्रिटिकल मिनरल्स को लेकर समझौता किया है। भारत यह बड़ा कदम तब उठा रहा है, जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स और क्रिटिकल मिनरल्स की सप्लाई में अपना दबदबा बढ़ा दिया है। भारत और रूस ने रेयर अर्थ मिनरल्स को निकालने और प्रॉसेसिंग में सहयोग करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। यह ऐसे समय में हुआ है जब नई दिल्ली अपने क्वॉड साझेदारों के साथ महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को भी मजबूत कर रही है। द इकनॉमिक टाइम्स की एक स्टोरी के मुताबिक, रोसाटॉम के एक बयान में कहा गया है कि बीते हफ्ते रूसी परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसाटॉम के वैज्ञानिक प्रभाग का हिस्सा जेएससी गिरेडमेट और भारत की नेक्सॉन जियोकेम प्राइवेट लिमिटेड के बीच दुर्लभ और रेयर अर्थ मिनरल्स वाले कच्चे माल के गहन प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकियों के संयुक्त अनुसंधान और विकास हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। रोसाटॉम ने कहा कि दोनों पक्ष बेहद शुद्ध धातुओं और यौगिकों के उत्पादन से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन और परमाणु उद्योगों के लिए सामग्री निर्माण तक रिसाइक्लिंग परियोजनाओं को लागू करने की योजना बना रहे हैं। अलग से जेएससी गिरेडमेट ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस) के हिस्से टेक्समिन (टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन) के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। बयान के अनुसार, समझौते में नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन (NDFEB) दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबकों के उत्पादन के लिए तकनीकों के संयुक्त अनुसंधान और विकास का प्रावधान है, जिसमें संपूर्ण धातुकर्म चक्र और गिरेडमेट प्रौद्योगिकियों का प्रायोगिक सत्यापन शामिल है। भारत में रूस के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के आर्थिक विभाग के प्रमुख एंड्री पोडचुफावरोव ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है, जबकि सप्लाई-चेन और प्रसंस्करण क्षमताएं विभिन्न क्षेत्रों में असमान रूप से बंटे हैं। इससे देशों को दीर्घकालिक औद्योगिक साझेदारी बनाने और सहयोग तंत्रों में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो क्वॉड की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत दौरे पर थे। भारत-अमेरिका के बीच संयुक्त बयान के दौरान चीन का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया, लेकिन यह कदम रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सामग्रियों के लिए बीजिंग पर अत्यधिक वैश्विक निर्भरता को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आया है। वॉशिंगटन और नई दिल्ली दोनों ही वैकल्पिक आपूर्ति नेटवर्क विकसित करने के लिए तत्परता से प्रयासरत हैं, और नया ढांचा इस प्रयास के केंद्र में उनकी द्विपक्षीय साझेदारी को रखता है।

## धर्म-कर्म

# मई का आखिरी प्रदोष व्रत कब? जान लें सही डेट, पूजा का शुभ मुहूर्त और संपूर्ण पूजन विधि

**मई महीने का आखिरी प्रदोष व्रत ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी तिथि को रखा जाएगा। यह व्रत भगवान शिव को समर्पित माना जाता है। ऐसे में इस दिन विधि-विधान से शिवजी का अभिषेक और उनकी पूजा करनी चाहिए। वहीं, यह व्रत गुरुवार के दिन पड़ने से इस बार जातकों को शिवजी के साथ-साथ विष्णुजी की कृपा प्राप्त हो सकती है। आइए जानें मई के आखिरी प्रदोष व्रत की डेट, प्रदोष काल का समय और पूजन विधि।**



**प्रदोष व्रत हर महीने में दो बार पड़ता है, एक कृष्ण पक्ष में और एक शुक्ल पक्ष में। मई महीने का दूसरा और अंतिम प्रदोष व्रत ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को पड़ेगा। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने का खास महत्व होता है। मान्यता है कि प्रदोष व्रत करने से भक्तों पर शिवजी की कृपा बनी रहती है। साथ ही, जीवन में आने वाले दुखों का भी नाश होता है। वहीं, यह प्रदोष व्रत गुरुवार के दिन पड़ रहा है। ऐसे में इस दिन भोलेनाथ के साथ-साथ विष्णुजी की पूजा करने से आपके जीवन में इनका आशीर्वाद बना रह सकता है। आइए पं. राकेश झा से विस्तार से जानते हैं कि मई का आखिरी प्रदोष व्रत कब रखा जाएगा, पूजा का मुहूर्त और संपूर्ण पूजन विधि।**

### मई का आखिरी प्रदोष व्रत कब है ?

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 28 मई, गुरुवार के दिन सुबह 7 बजकर 58 मिनट पर होगा। वहीं, अगले दिन यानी 29 मई, शुक्रवार के दिन सुबह 9 बजकर 51 मिनट तक त्रयोदशी तिथि व्याप्त रहेगी। ऐसे में प्रदोष काल की गणना के अनुसार, 28 मई को ही प्रदोष व्रत रखा जाएगा। गुरुवार के दिन त्रयोदशी तिथि पड़ने से इसे गुरु प्रदोष व्रत कहा जाता है। ऐसे में इस दिन भगवान शिव के साथ-साथ विष्णुजी की पूजा भी अवश्य करनी चाहिए।

ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी तिथि आरंभ 28 मई, गुरुवार को सुबह 7 बजकर 58 मिनट पर

ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी तिथि समाप्त 29 मई, शुक्रवार को सुबह 9 बजकर 51 मिनट पर

मई का आखिरी गुरु प्रदोष व्रत  28 मई, गुरुवार

### गुरु प्रदोष व्रत पूजा का शुभ मुहूर्त

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का बहुत खास महत्व होता है। इस दिन प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा करने का विधान बताया गया है। ऐसे में 28 मई, गुरुवार को शाम के 6 बजकर 12 मिनट से लेकर 7 बजकर 57 मिनट तक का समय पूजा के लिए उत्तम रहेगा। वहीं, सूर्यास्त का समय 7 बजकर 12 मिनट का रहेगा। सूर्यास्त से करीब 45 मिनट पहले और 45 मिनट बाद तक के समय को ही प्रदोष काल कहा जाता है। इस अवधि में शिवजी की पूजा करने से बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है।

### गुरु प्रदोष व्रत की पूजा विधि

1. सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करने के पश्चात साफ वस्त्र धारण करने चाहिए। फिर, मन में भगवान का स्मरण करके व्रत का संकल्प लें।
2. अपने घर के मंदिर को अच्छी तरह साफ करें और एक चौकी पर लाल या पीले रंग का वस्त्र बिछाएं। अब उस पर शिवजी की मूर्ति या प्रतिमा स्थापित करें।
3. पूजा घर में चारों ओर गंगाजल छिड़कें और फिर, शिवजी के सामने एक घी का दीपक अवश्य जलाएं और विधि-विधान से पूजा करें।
4. पूरे दिन उपवास करने के बाद शाम को प्रदोष काल में शिवजी के मंदिर जाएं और वहां शुद्ध जल, दही, शहद, दूध, शक्कर आदि से भोलेनाथ का अभिषेक करें।
5. शिवजी के सामने एक घी का दीपक जलाएं और साथ ही, उन्हें बेलपत्र जरूर अर्पित करें व चंदन लगाएं। मंदिर में ही बैठकर शिवजी के मंत्रों का जप भी करना चाहिए।
6. प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें और शिवजी को भोग लगाएं। इसके बाद, अंत में भगवान शिव की आरती करें। पूजा के बाद भोग को प्रसाद के रूप में अपने परिवार के सदस्यों को खिलाना चाहिए।
7. मई का आखिरी प्रदोष व्रत गुरुवार के दिन पड़ रहा है। ऐसे में इस दिन शिवजी के साथ-साथ भगवान विष्णु के सामने भी घी का दीपक जलाएं

Rajasthan

# अजमेर में सड़क पर दौड़ती स्कॉर्पियो में आग लगने से पूर्व सरपंच समेत 4 लोगों की जिंदा जलकर मौत

**अजमेर, (एजेंसी)** राजस्थान के अजमेर जिले में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में पूर्व सरपंच सहित एक ही परिवार के 4 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा बोराड़ा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुरा गांव में सुबह करीब 5:30 बजे हुआ, जब एक स्कॉर्पियो गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि वाहन में सवार लोग बाहर नहीं निकल सके।

पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला ने बताया कि हादसे में पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी, उनकी मां एवं पूर्व सरपंच पूसी देवी, पत्नी सुरज्ञान देवी और भांजी महिमा की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर



फैल गई। जानकारी के मुताबिक पूसी देवी के सीने में दर्द की शिकायत होने पर परिवार उन्हें अस्पताल लेकर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की जताई जा रही है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। हादसे में जान गंवाने वाली सुरज्ञान देवी जिला परिषद सदस्य थीं। एक साथ परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। वाहन में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एफएसएल टीम की मदद ली जा रही है।

New Delhi

## सावधान! 100 KM की रफ्तार से आने वाला है आंधी-तूफान, मूसलाधार बारिश के लिए रेड अलर्ट



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के विभिन्न राज्यों में मौसम में बड़ा उलटफेर होने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले 48 घंटों के दौरान 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तबाही मचाने वाला तूफान आ सकता है। कई हिस्सों में ओले गिरने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अपनी दैनिक पूर्वानुमान में आईएमडी ने मॉनसून के ताजा हालात के बारे में बताते हुए कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके अगले 2-3 दिनों में अरब सागर, लक्षद्वीप और बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में दस्तक देने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली एनसीआर और हरियाणा में 28 मई को लू का हल्का असर रहेगा, लेकिन 29 मई को यहां मौसम रौद्र रूप ले सकता है। 29 मई को दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में 80 से 100 किमी/घंटे की रफ्तार से विनाशकारी तूफान की प्रबल संभावना है। इस दौरान भारी बारिश और ओलावृष्टि की आशंका है। यह स्थिति 30 मई तक बनी रहेगी। उत्तर प्रदेश की जानकारी देते हुए आईएमडी ने कहा है कि 28 मई को यहां धूल भरी आंधी और लू की संभावना है। लेकिन 29 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 80-100 किमी/घंटे और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 60-80 किमी/घंटे की रफ्तार से तूफान आने की आशंका अनुमान है।

Chhattisgarh

## कोर्ट परिसर में पति ने दिया 'तीन तलाक'

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भरण-पोषण मामले की सुनवाई के दौरान मुस्लिम युवक के परिवार को कोर्ट में खड़ा होना पड़ा। इससे नाराज होकर कोर्ट परिसर में उसने अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर 'तीन तलाक' कहकर संबंध खत्म कर लिया। इस घटना के बाद महिला की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी मुस्लिम युवती की 2 साल पहले बिलासपुर के युवक से शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के आरोप लगने लगे। पीड़िता ने परिजनों की सहमति से महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद उसने भरण-पोषण के लिए कोर्ट में परिवाद लगाया था।



New Delhi

## मणिपुर के उग्रवादी संगठन का मास्टरमाइंड दिल्ली से गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**नई दिल्ली, (एजेंसी) मणिपुर के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी के नेता हाओबिजाम दिलीप सिंह को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है। वह सिक्रेट मीटिंग के लिए दिल्ली पहुंचा था। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, मणिपुर पुलिस और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के संयुक्त अभियान के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ के बाद भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।**

हाओबिजाम सिंह के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। मणिपुर के काकचिंग जिले में बड़ी बरामदगी की गई। बरामदगी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया। इसके अलावा, विभिन्न रंगों के बैग,



एक तिरपाल, प्लास्टिक बैग और एक रेडमी 13सी मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। वह इससे पहले भी मणिपुर में हुई कुछ हिंसक वारदातों (जैसे 2018 में थोकचोम टोनी सिंह की हत्या) के सिलसिले में गिरफ्तार हो चुका है, लेकिन बाद में उसे मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल गई थी, जिसके बाद वह दोबारा देश-विरोधी गतिविधियों में सक्रिय हो गया था।

खेल

# वैभव ने तोड़ा क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड, एक सत्र में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

**मुल्लांपुर। आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में आज राजस्थान रॉयल्स की टक्कर सनराइजर्स हैदराबाद से हुई। इस अहम मुकाबले में सभी की नजरें 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर रहीं। बिहार के इस विस्फोटक बल्लेबाज के पास टी20 क्रिकेट के महान बल्लेबाज क्रिस गेल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।**

वैभव सूर्यवंशी ने हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आक्रामक प्रदर्शन करते हुए क्रिस गेल का महारिकॉर्ड तोड़ दिया। वह एक सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले गेल ने आईपीएल 2012 में 59 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने



16 गेंदों में अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

इस दौरान वैभव आईपीएल में 20 से कम गेंदों में सबसे ज्यादा बार अर्धशतक पूरा करने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने निकोलस पूरन की बराबरी कर ली। दोनों ने पांच बार आईपीएल में 20 से कम गेंदों में अर्धशतक पूरे किए हैं। वहीं, इस मामले में शीर्ष पर हैदराबाद के ओपनिंग बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने छह बार यह कारनामा किया है।

15 वर्षीय वैभव आईपीएल के मुकाबलों में पावरप्ले में सर्वाधिक बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने पांचवीं बार शुरुआती छह ओवर के भीतर 50+ स्कोर बनाया। इस मामले में उन्होंने हैदराबाद के ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा, जिन्होंने चार बार यह कारनामा किया। शीर्ष पर डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने छह बार पावरप्ले के दौरान 50+ स्कोर बनाया।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी बड़ी उपलब्धि हासिल करने से महज एक गेंद से चूक गए। वह आज क्रिस गेल के सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे, लेकिन प्रफुल्ल हिंगे की गेंद पर आर स्मरण ने उन्हें कैच आउट करा दिया। आईपीएल में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल के नाम दर्ज है। उन्होंने 30 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। आज सूर्यवंशी उनके रिकॉर्ड को तोड़ने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन आउट हो गए। वह 29 गेंदों में पांच चौके और 12 छक्के की मदद से 97 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 334.48 का रहा।

सिनेमा

## जब गांव छोड़ शहर में बसे पंकज त्रिपाठी, नहीं आती थी अंग्रेजी, बोले- लोगों को लगा गरीब हूं



हिंदी सिनेमा में आज पंकज त्रिपाठी का नाम काफी इज्जत के साथ लिया जाता है. पिछले कुछ सालों में उन्होंने अपने काम से इंडस्ट्री में काफी अहम छाप छोड़ी है. मिर्जापुर वेब सीरीज में कालीन भैया बनकर उनके भौकाल को हम सभी ने देखा है. हालांकि आज वो जिस मुकाम पर हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत की. पंकज त्रिपाठी बॉलीवुड में आने से पहले दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में थे. वहां से उन्होंने एक्टिंग सीखकर मुंबई में आने का फैसला किया. एक्टर दिल्ली किसी बड़ी उम्मीद से गए थे, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्होंने कई सारी मुश्किलों का सामना किया. गांव से शहर में आए पंकज त्रिपाठी के लिए सबकुछ बदल गया था. एक्टर ने यूट्यूब चैनल युवा संग अपने हालिया पॉडकास्ट में पुराने एनएसडी के दिनों को याद किया. उन्होंने बताया कि जब वो साल 2001 में दिल्ली आए थे, तब उन्हें पहली बार कल्चर शिफ्ट का एहसास हुआ था. एक्टर ने कहा- साल 2001 में जब मैं दिल्ली आया, तब मुझे एक कल्चर शॉक मिला. मैंने पहली बार लड़कियों को स्मोक करते देखा था. मैं ये सोच रहा था कि ये कैसी लड़कियां हैं? लेकिन करीब 15 दिनों के बाद, मुझे एहसास हुआ कि वो उस चीज को देखने का सही नजरिया नहीं था.

## Highlights

1. **Bengal CM Adhikari claims 30 lakh Lakshmi Bhandar beneficiaries were ineligible**
2. **It damaged our image: Residents of Mumbai society where communal clashes happened**
3. **Orange alert issued in parts of UP for rain, hailstorms over next 3-4 days**
4. **Boat with 14 people capsizes in Ganga River in Patna, several feared dead**
5. **Madras HC bans cow slaughter in TN on Eid, says 'It's not essential to Islam'**

# Wired Wisdom: RAM debate, Tesla tales and iPhone shoots live sports

**NEW DEIHI, (Agency).** Opening thoughts. This is a bit perplexing. There is a general agreement that Copilot+ PCs should have at least 16GB RAM for Windows 11 and artificial intelligence (AI) functionality to work as it should. And if you wish to run on-device models, those advanced use-cases require 32GB memory to be effectively deployed. A few days ago, Microsoft announced the new business focused Surface laptops, and the entry point $1,299 Surface Laptop for Business 13-inch will have 8GB RAM when it is made available later. The same price point as an Apple MacBook Neo, which many criticised for having 8GB memory (mostly without understanding basic macOS and Windows differences and optimisation finesse). I'll point out something that you may define as hypocrisy.



Sometime back, after the MacBook Neo launch, a Microsoft-commissioned study by Signal65 compared how Windows 11 PCs compared to the MacBook Neo. The worry was apparent, because PC makers were running scared, scrambling to find an answer of such quality at the same price point. The study compared a Lenovo IdeaPad Slim 3x, HP OmniBook 5, Lenovo Yoga 7i and HP OmniBook X Flip with the MacBook Neo, and diligently noted, "Every Windows laptop in this comparison ships with 16GB of memory and 1TB of storage, double the system memory and up to four times the storage of MacBook Neo's base configuration (8GB / 256GB)."

Unsurprisingly, they found the MacBook Neo to be worse across all chosen performance metrics. And now Microsoft thinks it's okay to sell an 8GB RAM machine, and all will be forgotten?

# Raghuram Rajan warns AI frenzy may be ignoring major risks

**NEW DEIHI, (Agency).** Former Reserve Bank of India governor Raghuram Rajan has warned that the global frenzy around artificial intelligence may be overlooking major economic and political risks, arguing that investors and policymakers are treating the sector with excessive optimism despite mounting vulnerabilities.



In a recent Project Syndicate column titled "A Cold Shower for the AI Mania," Rajan said the rapid rise of generative AI has created a market euphoria similar to earlier technology booms, even as key structural challenges remain unresolved.

Rajan argued that one major risk is the growing dependence of AI companies on debt financing. He said firms are investing heavily in data centres, chips and computing infrastructure without clear evidence that future revenues will justify the scale of spending. According to him, investors appear to be assuming uninterrupted growth in demand for AI services, despite uncertainty over long-term profitability.

The economist also cautioned that the AI industry could face compute shortages as demand for high-end semiconductors and processing power surges. Such bottlenecks, he suggested, may slow deployment and raise operational costs for firms racing to expand their models.

Another concern highlighted by Rajan is the possibility that advances in large language models could begin to plateau. While AI systems have improved rapidly in recent years, he warned that future gains may become harder and more expensive to achieve. If technological progress slows while investment expectations remain elevated, financial markets could face a sharp correction, he suggested.

Rajan further pointed to the risk of political backlash against AI, especially if the technology contributes to large-scale job displacement or widening inequality. Governments, he argued, may eventually respond with tighter regulations, taxes or restrictions if public anger grows over the social consequences of automation.

# महू-इंदौर डेमू ट्रेन के इंजन से निकला धुआं यात्रियों में मचा हड़कंप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से महू के बीच चलने वाली डेमू ट्रेन में बुधवार को अग्नि दुर्घटना होते-होते बची। ट्रेन जब ट्रैक पर दौड़ रही थी, तो अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी। इंजन से धुआं उठता देख यात्रियों में भी हड़कंप मच गया और कई यात्री बोगी से नीचे उतरने लगे। ट्रेन अरण्याखेड़ी स्टेशन पहुंची, जहां तकनीकी कर्मचारियों ने जांच की। इसके बाद ट्रेन को इंदौर के लिए रवाना कर दिया गया।**



ट्रेन स्टेशन पर लगभग 20 मिनट तक रुकी रही और इंदौर तय समय से आधे घंटे देरी से पहुंची। इस ट्रेन में कई कर्मचारी, छात्र और इंदौर के दफ्तरों में काम करने वाले लोग यात्रा करते हैं और हमेशा ट्रेन में भीड़ रहती है। यह ट्रेन सुबह 9 बजे महू से इंदौर के लिए रवाना हुई थी और अगले स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही इंजन से धुआं उठने लगा था। धुआं उठता देख कई यात्री ट्रेन से नीचे उतरकर एक तरफ खड़े हो गए। कुछ यात्रियों ने इंजन से निकल रहे धुएं का वीडियो भी बनाया। इस बीच तकनीकी कर्मचारियों ने इंजन की जांच की। जांच में कुछ बड़ी वजह पता नहीं चली। जब इंजन चलने योग्य पाया गया, तब उसे फिर इंदौर के लिए रवाना किया गया। इस घटना के कारण ट्रेन आधे घंटे लेट हो गई और कई यात्रियों को अपने संस्थानों तक पहुंचने में देर हुई।

# रिश्तेदार युवती शादी का बना रही थी दबाव, युवक ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रेम प्रसंग के तनाव के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एरोड्रम थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक की रिश्तेदार युवती उस पर शादी का दबाव बना रही थी। युवक ने रिश्तेदारी का हवाला देते हुए शादी से इंकार कर दिया था। इसे लेकर युवती ने रात में उसे धमकी भी दी थी।



एरोड्रम पुलिस के मुताबिक लोकनायक नगर 60 फीट रोड निवासी शुभम (19) पुत्र राजेश ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक ऑनलाइन पार्सल डिलीवरी का काम करता था और अपने बड़े भाई के साथ रहता था। घटना का पता सुबह उस समय चला जब मकान का किरायेदार किसी काम से नीचे आया। उसने कमरे का दरवाजा खुला देखा और अंदर शुभम को फंदे पर लटका पाया। इसके बाद उसने तुरंत शुभम के बड़े भाई को सूचना दी, जिससे घर में हड़कंप मच गया। परिवार और आसपास के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शुभम का अपनी ही रिश्तेदार युवती से प्रेम संबंध था। बताया जा रहा है कि युवती उस पर लगातार शादी का दबाव बना रही थी। शुभम ने रिश्तेदारी होने के कारण शादी करने से मना कर दिया था। देर रात तक दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत भी हुई थी, जिसके कुछ समय बाद शुभम ने फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों की स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी।

# टेंट हाउस गोदाम में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पलासिया चौराहा क्षेत्र में मंगलवार रात एक टेंट हाउस के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग अशोक टेंट हाउस में लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार आग लगते ही गोदाम से तेज धुआं और लपटें उठने लगीं। कुछ ही मिनटों में पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया। गोदाम के पास स्थित हॉस्टल में धुआं घुसने से छात्रों में दहशत फैल गई। कई छात्र अपने कमरे छोड़कर बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। करीब एक टैंकर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आगजनी की इस घटना में टेंट हाउस में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# टेलर ने जहर खाया अस्पताल में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गांधी नगर क्षेत्र में रहने वाले एक टेलर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार ने पड़ोसी पर प्रताड़ित करने और लगातार धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि करीब 17 दिन पहले टेलर के साथ मारपीट भी की गई थी, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में थे। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक शंकर कॉलोनी स्थित एक खेत में मंगलवार को गजानंद (55) पुत्र नाथूसिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए अरविंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां रात में उनकी मौत हो गई। परिजनों और रिश्तेदारों ने बताया कि गजानंद सिलाई का काम करते थे। परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। परिवार का आरोप है कि 10 मई को घर के पास रहने वाले मेहताब सिंह नाम के व्यक्ति ने गजानंद के साथ मारपीट की थी। इस हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी और करीब 10 टांके लगे थे। घटना के बाद पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। परिजनों के अनुसार आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद गजानंद को लगातार धमका रहा था। उसने यह तक कहा था कि पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाई। इसी बात को लेकर गजानंद काफी तनाव में रहने लगे थे। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। गांधी नगर पुलिस का कहना है कि परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक